Bharat Temples

माँ कात्यायनी जी की आरती

जय कात्यायनि माँ,
मैया जय कात्यायनि माँ ।
उपमा रहित भवानी,
दूँ किसकी उपमा ॥

मैया जय कात्यायनि....
गिरजापति शिव का तप,
असुर रम्भ कीन्हाँ ।
वर-फल जन्म रम्भ गृह,

महिषासुर लीन्हाँ ॥
मैया जय कात्यायनि....
कर शशांक-शेखर तप,
महिषासुर भारी ।

शासन कियो सुरन पर,
बन अत्याचारी ॥
मैया जय कात्यायनि....
त्रिनयन ब्रह्म शचीपति,

पहुँचे, अच्युत गृह ।
महिषासुर बध हेतू,

सुर कीन्हौं आग्रह ॥
मैया जय कात्यायनि....

सुन पुकार देवन मुख,
तेज हुआ मुखरित ।
जन्म लियो कात्यायनि,
सुर-नर-मुनि के हित ॥

मैया जय कात्यायनि....
अश्विन कृष्ण-चौथ पर,
प्रकटी भवभामिनि ।
पूजे ऋषि कात्यायन,

नाम काऽऽत्यायिनि ॥
मैया जय कात्यायनि....
अश्विन शुक्ल-दशी को,
महिषासुर मारा ।

नाम पड़ा रणचण्डी,
मरणलोक न्यारा ॥
मैया जय कात्यायनि....
दूजे कल्प संहारा,

रूप भद्रकाली ।
तीजे कल्प में दुर्गा,
मारा बलशाली ॥
मैया जय कात्यायनि....

दीन्हौं पद पार्षद निज,
जगतजननि माया ।

देवी सँग महिषासुर,
रूप बहुत भाया ॥

मैया जय कात्यायनि....
उमा रमा ब्रह्माणी,
सीता श्रीराधा ।
तुम सुर-मुनि मन-मोहनि,

हरिये भव-बाधा ॥
मैया जय कात्यायनि....
जयति मङ्गला काली,
आद्या भवमोचनि ।

सत्यानन्दस्वरूपणि,
महिषासुर-मर्दनि ॥
मैया जय कात्यायनि....
जय-जय अग्निज्वाला,

साध्वी भवप्रीता ।
करो हरण दुःख मेरे,
भव्या सुपुनीता ॥
मैया जय कात्यायनि....

अघहारिणि भवतारिणि,
चरण-शरण दीजै ।
हृदय-निवासिनि दुर्गा,
कृपा-दृष्टि कीजै ॥

मैया जय कात्यायनि....
ब्रह्मा अक्षर शिवजी,

तुमको नित ध्यावै ।

करत 'अशोक' नीराजन,
वाञ्छितफल पावै ॥
मैया जय कात्यायनि....

(आरती रचना-अशोक कुमार खरे)

Source: https://www.bharattemples.com/maa-katyayani-jee-ki-aarti/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw